म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26–अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल

क्रमांक / बोर्ड कार्मिक / ग / 744 / टा.स्के.पे. / 151   भोपाल दिनांक 15 / 04 / 2019

प्रति,

संयुक्त संचालक / उप संचालक
म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय
इन्दौर / रीवा / ग्वालियर / सागर / जबलपुर / उज्जैन / भोपाल।

विषय :– राज्य मण्डी बोर्ड सेवा एवं कृषि उपज मण्डी समिति के अन्तर्गत कार्यरत सेवकों को समयमान वेतनमान दिये जाने के संबंध में।

––––00––––

राज्य मण्डी बोर्ड सेवा और प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों के अन्तर्गत कार्यरत सेवकों के लिये के म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आदेश क्रमांक बी–1 / 1 / ग / 56 / 3464 दिनांक 06.12.2010 के द्वारा म. प्र. राज्य शासन के सेवकों के समान समयमान वेतनमान दिनांक 01.04.2006 से निर्धारित शर्तो के अधीन लागू किया गया है।

म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आदेश क्रमांक बोर्ड कार्मिक / क / 744 / 284 दिनांक 18.01.2011 के द्वारा राज्य मण्डी बोर्ड सेवा के अधिकारी / कर्मचारी को नियमानुसार समयमान वेतनमान स्वीकृत कर वेतन निर्धारण के लिये मण्डी बोर्ड आंचलिक कार्यालय में पदस्थ संयुक्त संचालक / उपसंचालक को अधिकृत किया गया है।

समयमान वेतनमान दिये जाने के संबंध में दिनांक 12.03.2019 को सम्पन्न हुई आंचलिक संयुक्त / उप संचालकों की मासिक समीक्षा बैठक एवं दिनाक 18.03.2019 को आयोजित वीडियो कान्फ्रेंस में निर्देशित किया गया है कि समयमान वेतनमान के प्रचलित नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले सभी कर्मियों को समयमान वेतनमान का लाभ नियमानुसार निर्धारित समयावधि में दिया जाए।

कृपया आपके संभाग के अंतर्गत कार्यरत अधिकारी / कर्मचारियों को नियमानुसार समयमान वेतनमान का लाभ देने हेतु आवश्क कार्यवाही करने का कष्ट करे।

अपर संचालक (कार्मिक)
म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बोर्ड कार्मिक / ग / 744 / टा.स्के.पे. / 152 भोपाल दिनांक 15 / 04 / 2019

प्रतिलिपि

1— कार्यपालन यंत्री म. प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड तकनीकी संभाग भोपाल / भोपाल क्रमांक–02 / इंदौर/ उज्जैन / जबलपुर / ग्वालियर / सागर / रीवा / होशंगाबाद / सिवनी / मुरैना खरगोन / मंदसोर।

2— भारसाधक अधिकारी / सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति (समस्त) .... की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के लिये प्रेषित।

3— अपर संचालक समन्वय शाखा की ओर पत्र क्रमांक 993—994 के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के लिये प्रेषित।

अपर संचालक (कार्मिक)
म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल